Dainik Jagran, 02.06.19

राजस्व में बढ़ोतरी के लिए स्टेशनों की होगी को-ब्रांडिंग

जागरण संवाददाता, नोएडा : नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) अपने राजस्व में बढ़ोतरी करने के लिए स्टेशनों की को-ब्रांडिंग करने जा रहा है। इसके लिए एनएमआरसी ने निविदा आमंत्रित की है। कंपनी को 10 साल के लिए को-ब्रांडिंग के तहत स्टेशन दिया जाएगा। इसमें वह स्टेशन के अंदर व बाहर एक नियत स्थान पर अपना प्रचार कर सकेंगे। साथ ही स्टेशन के नाम का अधिकार भी दिया जाएगा।

एनएमआरसी 29.707 किलोमीटर में एक्वा लाइन का संचालन किया जा रहा है। इसमें 21 स्टेशन है, जिसमें से पांच स्टेशनों को को-ब्रांडिंग के तहत दिया जा चुका है। इसमें नोएडा सेक्टर-137, सेक्टर-142, नॉलेज पार्क-2, परी चौक व अल्फा-वन है। इस बार एनएमआरसी ने 11 स्टेशनों के लिए निविदा निकाली है। जिसमें 11 स्टेशनों को मिलाकर कुल 6,030 वर्ग मीटर जगह है, इसमें स्टेशनों के बाहर कुल 3880 वर्ग मीटर और अंदर 2150 वर्ग मीटर पर अपना प्रचार कर सकते है। जिसमें सरकारी व पब्लिक सेक्टर कीं कंपनी ही आवेदन कर सकती है। एनएमआरसी के कार्यकारी निदेशक पीडी उपाध्याय ने बताया कि कंपनियां 17 जून तक आवेदन कर सकती है। एक कंपनी को एक ही स्टेशन आवंटित किया जाएगा।

स्टेशन	अंदर का क्षेत्रफल	बाहरी क्षेत्रफल	कुल क्षेत्रफल
नोएडा स्टेशन--76	200 वर्ग मीटर	420 वर्ग मीटर	620 वर्ग मीटर
नोएडा सेक्टर-101	200 वर्ग मीटर	200 वर्ग मीटर	400 वर्ग मीटर
नोएडा सेक्टर-81	200 वर्ग मीटर	210 वर्ग मीटर	410 वर्ग मीटर
एनएसईजेड	200 वर्ग मीटर	500 वर्ग मीटर	700 वर्ग मीटर
नोएडा सेक्टर-83	210 वर्ग मीटर	320 वर्ग मीटर	530 वर्ग मीटर
नोएडा सेक्टर-143	200 वर्ग मीटर	400 वर्ग मीटर	600 वर्ग मीटर
सेक्टर-144	200 वर्ग मीटर	420 वर्ग मीटर	620 वर्ग मीटर
सेक्टर-145	200 वर्ग मीटर	420 वर्ग मीटर	620 वर्ग मीटर
सेक्टर-146	200 वर्ग मीटर	420 वर्ग मीटर	620 वर्ग मीटर
सेक्टर-147	200 वर्ग मीटर	420 वर्ग मीटर	620 वर्ग मीटर
डिपो स्टेशन	140 वर्ग मीटर	150 वर्ग मीटर	290 वर्ग मीटर